भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2556
उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

आंध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का पूर्ण होना

†2556. **श्री केसिनेनी शिवनाथ:**
श्री बी. के. पार्थसारथी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीवीबी) की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त राज्य में वर्तमान में गैर-परिचालन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थिति क्या है तथा उनमें निविदा आमंत्रित करने, भौतिक निर्माण कार्य प्रगति पर होने आदि जैसे चरण-वार वर्गीकरण क्या हैं और प्रत्येक ऐसे गैर- परिचालन विद्यालय को पूर्ण करने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश के लिए इन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को जिला-वार किस वर्ष में स्वीकृत किया गया था; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त राज्य में गैर-परिचालन विद्यालयों को शीघ्र पूर्ण करने और उन्हें चालू करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और तत्संबंधी लक्ष्य समय-सीमा और निगरानी तंत्र क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): आंध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की कुल संख्या 587 है। जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) से (घ): स्वीकृत 587 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में से 528 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय वर्तमान में प्रचालनरत हैं। शिक्षा भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र में हैं। आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में 59 गैर-प्रचालनरत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में से 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को रद्द/सरेंडर कर दिया गया है। शेष कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सिविल

कार्य विभिन्न चरणों में हैं। स्वीकृत गैर-प्रचालनशील कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

योजना की प्रगति की निगरानी परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) के साथ साथ स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा मासिक और अर्ध-वार्षिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से की जाती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को शीघ्र पूरा करने और उन्हें प्रचालनशील बनाने के लिए इस मामले को राज्यों के साथ नियमित रूप से उठाया जाता है।

*****

<u>**अनुलग्नक-I**</u>

"आंध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पूर्ण होने" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री केसिनेनी शिवनाथ और श्री बी. के. पार्थसारथी द्वारा पूछे गए दिनांक 09.03.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2556 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आन्ध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की कुल संख्या का जिला-वार ब्यौरा

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**कुल केजीबीवी**
1	श्रीकाकुलम	44
2	पार्वतीपुरम मन्यम	25
3	विज़ियानगरम	47
4	विशाखापत्तनम	6
5	अनकपल्ली	39
6	अल्लूरी सीताराम राजू	32
7	काकीनाडा	7
8	एलुरु	3
9	नंदमुरी तारक रामा राव	5
10	पलनाडू	38
11	बापटला	5
12	प्रकाशम	44
13	एसपीएसआर नेल्लोर	23
14	चित्तूर	14
15	तिरुपति	10
16	अन्नामय्या	39
17	वाईएसआर कडप्पा	20
18	नंदयाल	47
19	कुरनूल	42
20	अनंतपुरमु	50
21	श्री सत्य साईं	47
कुल		587
स्रोत: आंध्र प्रदेश राज्य सरकार		

<u>अनुलग्नक-II</u>

"आंध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पूर्ण होने" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री केसिनेनी शिवनाथ और श्री बी. के. पार्थसारथी द्वारा पूछे गए दिनांक 09.03.2026 के लोक सभा प्रश्न सं. 2556 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में स्वीकृत गैर-परिचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा

जिला	**2011-12**	**2016-17**	**2017-18**	**कुल**
अनकापल्ली	0	5	3	8
अल्लूरी सीताराम राजू	0	3	7	10
अनंतपुरमु	0	3	0	3
अन्नामय्या	1	0	0	1
चित्तूर	1	0	0	1
नंदयाल	1	0	0	1
एसपीएसआर नेल्लोर	1	0	0	1
प्रकाशम	1	6	0	7
पार्वतीपुरम मान्यम	0	1	0	1
पलनाडू	4	0	0	4
श्री सत्य साईं	0	3	0	3
श्रीकाकुलम	0	2	0	2
तिरुपति	3	0	0	3
विशाखापत्तनम	0	1	1	2
विज़ियानगरम	0	1	0	1
काकीनाडा	0	1	0	1
कुल	12	26	11	49
स्रोत: आंध्र प्रदेश राज्य सरकार				

*****